# नगर निगम चरणबद्ध तरीके से करा रहा सेनेटाइजेशन

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर विशेष सेनेटाइजेशन अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, रोडवेज, आवास विकास कॉलोनी, कचहरी, सदर बाजार, कलेक्ट्रेट, रामनगर कॉलोनी, लोधीपुर, ऑफीसर्स कॉलोनी, चिनौर, कटिया टोला, बहादुरगंज, ताजूखेल, बाडूजई प्रथम, जिला जेल, बीबीजई हद्दफ बाबूजई, खलीलगर्वी, खलीलशर्की, अलीजई, भारद्वाजी, मतानी, महमंदगढ़ी, गुदड़ी बाजार, छाया कुंआ, केरुगंज, अहमदपुर रेती, दलेलगजं, बजीरगजं, सराय काईयां, दीवान जोगराज, फत्तेपुर रेती, धार्मिक स्थलों, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। अभियान के दौरान लगभग ६,५०० भवनो ६०० व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, ५ मुख्य बाजारो बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले में क्षेत्रों सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। नगर आयुक्त ने अजीजगंज गर्रा पुल, अन्त्योष्टि स्थल, गॉधी पार्क, कटियाटोला, सिटी पार्क, अहमदपुर, रेलवे स्टेशन में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती ने खलीलशर्की, खलीलगर्वी, बाबूजई, अलीजई एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन अपनी देख-रेख मे कराया। सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता ने तारीन गाड़ीपुरा एवं अहमदपुर रेती मे हो रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का जायजा लिया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. ओपी गौतम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया।